बिहार लोक सेवा आयोग
15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना– 800001

वि॰सं॰ 05/2015, दन्त चिकित्सक के पद पर नियुक्ति हेतु द्वितीय चरण का साक्षात्कार के सम्बन्ध में आवश्यक सूचना

स्वास्थ्य विभाग, बिहार के अंतर्गत बिहार स्वास्थ्य सेवा के अधीन बेसिक ग्रेड दन्त चिकित्सक के पदों पर नियुक्ति हेतु आयोग द्वारा प्रकाशित वि॰सं॰– 05/2015 के अंतर्गत द्वितीय चरण का साक्षात्कार कार्यक्रम (अनुक्रमांक 502230 से 503855 तक) से सम्बन्धित सूचना आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर देखा जा सकता है। द्वितीय चरण का साक्षात्कार दिनांक 07.02.2018 से दिनांक 28.02.2018 तक आयोजित किया जायेगा। शेष उम्मीदवारों का अनुक्रमांकवार साक्षात्कार कार्यक्रम बाद में प्रकाशित किया जायेगा।

2. द्वितीय चरण में साक्षात्कार कार्यक्रम के अंतर्गत आने वाले उम्मीदवार अपने अनुक्रमांक के आधार पर साक्षात्कार पत्र, साक्षात्कार की तिथि से एक सप्ताह पूर्व आयोग के बेवसाईट www.bpsc.bih.nic.in से डाउनलोड कर नियत तिथि एवं समय पर साक्षात्कार में शामिल हो सकते हैं। किसी अभ्यर्थी को डाक के माध्यम से साक्षात्कार पत्र नहीं भेजा जाएगा।

3. सभी अर्हित अभ्यर्थियों को तत्काल पूर्णतः औपबंधिक रूप से साक्षात्कार में शामिल कराया जा रहा है। साक्षात्कार पत्र निर्गत होने या साक्षात्कार में भाग लेने से किसी अभ्यर्थी की अर्हता सम्पुष्ट नहीं होती है। अर्हित/औपबंधिक रूप से अर्हित अभ्यर्थियों की अर्हता पर अन्तिम निर्णय लेने हेतु आयोग कभी भी स्वतंत्र रहेगा।

4. वैसे उम्मीदवार जिनका दिनांक 17.11.2017 को प्रकाशित सूचना के आलोक में अभ्यावेदन प्राप्त हैं उन्हें सूचित किया जाता है उनके अभ्यावेदन पर कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। अर्हित होने की स्थिति में आयोग द्वारा निर्धारित कोटिवार कट ऑफ अंक के अतर्गत आने पर उनका साक्षात्कार कार्यक्रम बाद में प्रकाशित किया जायेगा।

5. उक्त सूचना आयोग के बेवसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर उपलब्ध है।

18.1.18

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना